आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 94 ● कटनी ● शनिवार, 7 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## इंदौर में भीषण अग्निकांड

### धधकी दो मंजिला इमारत, 7 जिंदा जले कई ने गैलरी से कूदकर जान बचाई



*आम बुझाते लोग, अग्नि हादसे में पूरी गृहस्थी खाक, आईजी हरिनारायणचारी मिश्रा मौके का मुआयना करते हुए*

**इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में शुक्रवार देर रात एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 6 महिलाएं और एक पुरुष है। कुछ जिंदा जले हैं और कुछ का दम घुट गया। कितने जिंदा जले और कितनों का दम घुटा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लोगों का कहना है कि पार्किंग में भी आग थी। लोगों को भागने की जगह नहीं मिली तो गैलरी से कूदकर जान बचाई। इन्हें चोटें आई हैं और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

पुलिस के मुताबिक, बचाव दल ने 9 लोगों को इस अग्निकांड से रेस्क्यू भी किया है। 12 लोगों को अस्पताल ले जाया गया था। इनमें से 7 की मौत हो चुकी है। रहवासियों का कहना है कि फायर ब्रिगेड को तीन-चार बार कॉल किए। इसके बावजूद फायर ब्रिगेड करीब पौन घंटे बाद पहुंची। मृतकों में ईश्वर सिंह सिसौदिया (45), नीतू सिसौदिया (45), आशीष (30), गौरव (38), आकांक्षा (25) शामिल हैं। मरने वालों में 40 और 45 वर्ष के दो लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों में एक दंपती भी शामिल हैं। ईश्वर सिंह सिसोदिया और नीतू की दम घुटने से मौत हुई है। बताया गया कि बिल्डिंग के मालिक के मोहल्ले में 4 मकान हैं, जो किराए से दिए हैं। लोग कह रहे हैं कि कहीं भी सेफ्टी नहीं है। उसके खुद के मकान पर तो मोबाइल कंपनी का टावर लगा है। आग के धुएं की वजह से कुछ लोगों ने नींद में ही दम तोड़ दिया। रेस्क्यू टीम ने शवों को बाहर निकाला। इंदौर के खजराना रिंगरोड पर स्थित स्वर्ण कॉलोनी की इमारत में आग लगी। फायर ब्रिगेड को इस आग को बुझाने में कई घंटे लगे। फायर ब्रिगेडकर्मी ने बताया कि रात करीब तीन बजे आग की सूचना मिली। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक कई लोगों की मौत हो चुकी थी। खबरों के अनुसार रात को बिजली गुल हो गई थी, लेकिन जब बिजली आई तो पार्किंग के मीटर में आग लग गई थी। मृतकों में एक दंपती भी शामिल है, जो तीन दिन पहले ही यहां शिफ्ट हुए थे। इस दंपती का पडोस में ही मकान बन रहा था, इसलिए उन्होंने यहां पर किराए से मकान लिया था।

#### सीएम ने दिए जांच के निर्देश

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना पर शोक जताया है। उन्होंने ट्वीटर पर लिखा कि इंदौर के स्वर्णबाग कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट से हुए हादसे में कई अनमोल जिंदगियों के असमय निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। घटना में मौत की खबर अत्यंत हृदय विदारक है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों को शीघ्र स्वस्थ करने की प्रार्थना करता हूं। मैंने इसके जांच के आदेश दे दिए हैं। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगीए उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों के परिजनों को 4.4 लाख रुपये दिए जाएंगे।

#### बिल्डिंग में मेहमान भी आए हुए थे

प्रत्यक्षदर्शी एहसान पटेल ने बताया कि रात तीन बजे के करीब हमें शोर सुनाई दिया। बाहर देखा तो बिल्डिंग में आग लगी हुई थी। हमने बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। इस बिल्डिंग में मेरा भाई रहता है। इसके अलावा कुछ छात्र व अन्य परिवार भी रहते हैं। तीन चार दिन पहले कुछ मेहमान भी आए थे।

## मथुरा में सड़क हादसा

### मां-बाप, दो बेटे, दो बहुओं और पोते ने मौके पर ही तोड़ दिया दम

**मथुरा । यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के हुए हादसे में एक परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। 2 की हालत गंभीर है। मृतकों में बुजुर्ग दंपति, उनके दो बेटे, दोनों की पत्नियां और 6 साल का पोता है। बुजुर्ग दंपति का एक बेटा और 3 साल का एक पोता गंभीर घायल है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में परिवार के 9 लोग सवार थे। ये सभी हरदोई के संडीला इलाके के रहने वाले थे। अभी नोएडा के सदकपुर इलाके में रह रहे थे।**



*दुर्घटनाग्रस्त वाहन से लोगों को निकालते बचाव दल, सड़क पर पड़े शव*



बताया जा रहा है कि ये सभी शादी में शामिल होने के लिए हरदोई आए थे, यहां से वापस जाते समय हादसा हुआ। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। पुलिस को आशंका है कि झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। तेज रफ्तार से चल रही वैगन आर गाड़ी आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। पुलिस जब पहुंची तो मौके पर और कोई दूसरा वाहन नहीं था। हादसा नौहझील क्षेत्र में हुआ है।पुलिस ने बताया कि सुबह एक वाहन चालक ने डायल-112 को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को क्षतिग्रस्त कार से निकाला। टक्कर में कार का अगला हिस्सा पिचक गया था। ऐसे में कटर से कार को काटकर घायलों को निकाला गया। इस मशक्कत में काफी देर तक घायल कार में ही फंसे रहे। पुलिस सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में 3 महिला, 3 पुरुष और 1 बच्चा है। पुलिस ने बताया कि कार का नंबर क्ष16 छक्ष 9872 है।

#### हरदोई से नोएडा जा रहे थे कार सवार

मथुरा में हादसे का शिकार हुआ परिवार हरदोई के बहादुरपुर-संडीला का रहने वाला था। पूरा परिवार हरदोई में शादी समारोह में शामिल होने के बाद नोएडा वापस जा रहा था। पुलिस ने बताया कि गाड़ी में राजेश, लल्लू, श्रीगोपाल, संजय, निशा, छुटकी, नंदनी, 6 साल का धीरज और 3 साल का कृष सवार था। राजेश, श्रीगोपाल और संजय सगे भाई हैं। हादसे में लल्लू और उनकी पत्नी छुटकी सहित दो बेटे राजेश और संजय, दो बहू निशा और नंदनी और 6 साल के पोते धीरज की मौत हो गई। लल्लू का एक बेटा श्रीगोपाल और 3 साल का पोता कृष गंभीर घायल है। मथुरा के इस दर्दनाक हादसे में सीएम योगी ने दुख जताया है। उन्होंने घायलों को बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।



## छतरपुर में सहायक समिति प्रबंधक निकला करोड़पति

### जबलपुर और सागर ईओडब्ल्यू टीम ने तीन ठिकानों पर शुरू की सर्च कार्रवाई

**जबलपुर, ।ईओडब्ल्यू की जबलपुर और सागर इकाई की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के छतरपुर में दस्तक दी। संयुक्त टीम ने बड़ौदाकला छतरपुर के सेवा सहकारी समिति सहायक प्रबंधक प्राण सिंह उर्फ मुन्ना और राडार पर लिया। आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुन्ना सिंह के तीन ठिकानों पर एक साथ सर्च कार्रवाई प्रारंभ की। अलग-अलग ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की कार्रवाई से छतरपुर में हड़कंप मच गया।**

प्रारंभिक जांच में मुन्ना सिंह के खिलाफ अर्जित आय की तुलना में छह गुना ज्यादा संपत्ति का पता चला है। सर्च कार्रवाई अभी जारी है। ईओडब्ल्यू जबलपुर इकाई के एसपी देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मुन्ना सिंह के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत की गई थी। शिकायत जांच में पाया गया कि मुन्ना सिंह ने अपनी कुल अर्जित आय की तुलना में छह गुना ज्यादा संपत्ति व्यय की है। जांच उपरांत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में मुन्ना सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। शिकायत की जांच ईओडब्ल्यू डीएसपी एवी सिंह द्वारा की जा रही है।

#### अलसुबह शुरू की कार्रवाई

ईओडब्ल्यू मुख्यालय के निर्देशानुसार ईओडब्ल्यू की जबलपुर सागर इकाई की संयुक्त टीम द्वारा मुन्ना सिंह के ठिकानों पर सर्च कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जिसके बाद शनिवार तड़के अलग-अलग टीमों ने पेप्टेक सिटी देरी गांव सागर रोड छतरपुर, बारीगढ़ लवकुश नगर छतरपुर एवं जोगा गांव गौरी हार लवकुश नगर स्थित मुन्ना सिंह के ठिकानों पर सर्च कार्रवाई प्रारंभ की। सर्च कार्रवाई में अब तक करोड़ों रुपये की संपत्ति का पता लगाया जा चुका है। कार्रवाई जारी है।

## घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़े


## खाना पकाना हुआ और महंगा

**नई दिल्ली।** आम आदमी के लिए खाना पकाना और महंगा हो चला है। कमर्शियल LPG के बाद अब डॉमेस्टिक LPG सिलेंडर के दाम में भी इजाफा कर दिया गया है। शनिवार को 14.2 किलोग्राम के डॉमेस्टिक LPGसिलेंडर के दाम में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई। यह वृद्धि शनिवार यानी 7 मई 2022 से ही प्रभावी हो गई है। अब राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो के डॉमेस्टिक LPG सिलेंडर की कीमत 999.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले घरेलू एलपीजी के दाम 22 मार्च को 50 रुपये बढ़े थे। अप्रैल माह में इस सिलेंडर की कीमत में कोई इजाफा नहीं हुआ था।



**बीते मार्च में हुई थी बढ़ोतरी** उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी तो शुरू हो ही गई थी। उसके बाद एलपीजी के दाम में भी बढ़ोतरी शुरू हो गई थी। इसी क्रम में 22 मार्च 2022 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। उसके बाद दिल्ली में गैस सिलेंडर की कीमत 949.50 रुपये हो गई थी।

**कामर्शिलय गैस सिलेंडर भी लगातार हो रहा है महंगा** घरेलू एलपीजी की कीमत में बढ़ोतरी के बाद बीते एक अप्रैल को 19 कलो वाले कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई थी। उस दिन इसका दाम 249.50 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा था। इसके बाद दिल्ली में इस सिलेंडर का दाम 2253 रुपये हो गया था। इसके बाद 1 मई 2022 को भी कामर्शियल एलपीसी गैस सिलेंडर के भाव में 104 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा कर दिया था। उसके बाद 19 किलो वाले वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर 2,355 रुपये प्रति सिलेंडर पहुंच गया है।



## 10 दिन पहले ही झूमकर आएगा मानसून, केरल में 21 मई को टकराने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने एक बड़ी राहत वाली खबर दी है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस साल मानसून 10 दिन पहले दस्तक दे देगा और 21 मई तक केरल के तट से टकरा सकता है। मौसम विभाग ने साथ ही यह भी कहा है कि केरल में 20 मई के बाद मानसून कभी भी टकरा सकता है। आमतौर पर हर साल मानसून 1 जून के आसपास केरल तट पर टकराता है। आईएमडी ने भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे में विकसित मल्टी-मॉडल एक्सटेंडेड रेंज प्रेडिक्शन सिस्टम का उपयोग करते हुए अपने नवीनतम विस्तारित रेंज पूर्वानुमान के माध्यम से इस मानसून संबंधित भविष्यवाणी के बारे में जानकारी दी है।

## बेटे को मृत समझकर अंतिम संस्कार किया पर वह निकला जिंदा

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक गायब युवक का शव पोस्टमार्टम हाउस से पहचानकर घरवालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। लेकिन अगले ही दिन वह घरवालों के सामने आ गया। युवक को जिंदा देख घरवाले हैरान रह गए। साथ ही यह सवाल भी उठने लगा कि जिसका अंतिम संस्कार किया गया वह कौन था? मामला जिले के इंदरगंज थाना इलाके के नौगजा रोड का है। फिलहाल मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस अब यह छानबीन कर रही है कि जिसका अंतिम संस्कार हुआ आखिर वह कौन था? जानकारी के मुताबिक इंदरगंज थाना इलाके की नौगजा रोड पर रहने वाला रोहित कुशवाह 10 दिन से अपने घर से गायब था। काफी तलाश के बावजूद उसका कहीं अता-पता नहीं था। कल सुबह परिजनों को सूचना मिली कि ग्वालियर के महाराज बाड़ा के पास स्थित छतरी पार्क में एक युवक का शव मिला है। जो शव मिला वह पैरालिसिस शिकार व्यक्ति का था। वहीं गायब युवक जुगल सिंह भी पैरालिसिस का शिकार है। ऐसे में परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में अज्ञात शव की पहचान अपने बेटे रोहित के रूप में कर ली। इसके बाद तो पुलिस द्वारा शव उन्हें सौंप दिया गया, जिसके बाद परिजनों ने विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया।

## 3,805 नए मामले, 22 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में देश में 3,805 नए लोग इस वायरस से संक्रमित हुए हैं। हालांकि यह मामला शुक्रवार की तुलना में कम है। 6 मई की रिपोर्ट में 3,545 नए मामले सामने आए। इस दौरान 27 मरीजों की मौत भी हुई, जब शनिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के कारण 22 मरीजों की मौत हुई है और 3,168 मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।देश में फिलहाल कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस 20,303 हो गए हैं। यह कुल संक्रमण का 0.05 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में 1656 नए मामले आए हैं। हालांकि इस दौरान किसी भी मरीज की कोविड-19 से मौत नहीं हुई है। पिछले 24 घंटे में 1306 लोगों ने कोरोना को मात दी है। राजधानी दिल्ली में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 6096 हो गई है। इसके अलावा अब दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर बढ़कर 5.39 प्रतिशत हो गई है।



## अब डिफेंस भी मेक इन इंडिया



भारतीय सेना को मिलेगा आकाश प्राइम एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम, दो नई रेजिमेंट खरीदेगी सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने बेहतर सटीकता के लिए स्वदेशी टैक्नालॉजी से लैस आकाश प्राइम मिसाइल एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की दो नई रेजिमेंट खरीदने का प्रस्ताव दिया है। इस तरह दुश्मन विमान और ड्रोन्स को मार गिराने की अपनी क्षमताओं में इजाफा करने के लिए भारतीय सेना को एक प्रमुख मेक इन इंडिया समाधान मिलेगा। सूत्रों ने बताया है कि प्रस्ताव सरकार के सामने एक उन्नत चरण में है। यह प्रस्ताव चीन और पाकिस्तान, दोनों की ओर से होने वाले हवाई हमलों के खिलाफ देश की एयर डिफेंस को और मजबूत करने में मदद करेगा।इससे पहले सेना की पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी कमांड्स ने आकाश मिसाइल के वर्तमान संस्करण के लगभग एक दर्जन परीक्षण किए हैं। सभी के परिणाम शानदार रहे, जबकि इन मिसाइलों को हाल के संघर्षों के दौरान एक ऑपरेशनल भूमिका में भी तैनात किया गया था।

## यह तो चढ़ती ही नहीं...पूरी बोतल पीकर भी नशा नहीं

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी के उज्जैन में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। यहां पर एक शख्स ने शराब में मिलावट की शिकायत प्रदेश के गृहमंत्री समेत तमाम अधिकारियों से कर डाली। शराब पीने के इस शौकीन इस शख्स का कहना है कि पूरी बोतल पीने के बाद भी उसे नशा नहीं हुआ। इसके बाद उपभोक्ता ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार शराब में पानी मिलाकर बेच रहा है। इससे उसका आर्थिक नुकसान हो रहा है। उसने प्रदेश के गृहमंत्री और उज्जैन पुलिस अधीक्षक को इस बारे में लिखित शिकायत की है। उसने लिखा है कि शराब कंपनी उपभोक्ता के साथ छल, कपट और धोखाधड़ी कर रही है। उज्जैन में बहादुर गंज आर्य समाज मार्ग पर रहने वाले लोकेंद्र सोठिया शराब पीने के आदी हैं। वह पिछले 20 साल से शराब पी रहे हैं। उन्होंने 12 अप्रैल को क्षीर सागर क्षेत्र स्थित शराब दुकान से चार क्वॉर्टर देशी शराब खरीदी। दो क्वार्टर पीने के बाद पता चला कि शराब में पानी मिला था। लोकेंद्र ने बताया कि पूरी बोतल पीने के बाद भी जब शराब चढ़ी नहीं तो लगा कि इसमें मिलावट है। इसके बाद दुकानदार से शिकायत की तो उसने धमकी दी कि तुमसे जो बने वो कर लेना। तभी से लोकेंद्र ने शिकायत करने का मन बना लिया।



**गृहमंत्री से कर डाली शिकायत**

# सावधान मौसम का बदलता मिजाज कर सकता है बीमार

**कटनी।** सावधान अगर आप मौसम के मुताबिक नहीं चल रहे तो यह आपके लिए खतरनाक हो सकता है। गर्मी ही नहीं आसमान पर बादलों के डेरे के साथ अचानक तापमान में उतार चढ़ाव आपको बीमार बना सकता है। मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। ऐसे में जहां कटनी सहित कई शहरों में तेज गर्मी के प्रकोप के चलते सुबह नौ बजे से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। वहीं लू जैसे हालत भी बन गए है। ऐसे में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी की वजह से कुछ लोग डिहाइड्रेशन और डायरिया तक के शिकार हो रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी इस दौरान इशारा कर रही है कि इस साल गर्मी का सीजन लंबा होने वाला है, जो आने वाले समय में काफी परेशान कर सकता है। ऐसे में इस समय पड़ रही गर्मी के संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि यह गर्मी किसी भी व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिए लोगों को पहले से सचेत रहने की जरूरत है। डाक्टरों के अनुसार लंबे समय तक गर्मी में रहने से ब्रेन का हाइमोथैलमस डिसफंक्शन हो जाता है, जिससे बॉडी का हीट लूज करने का मेकनिजम काम नहीं करता है और लोग हीट स्ट्रोक या लू के शिकार हो जाते हैं। लू का असर बॉडी ऑर्गन्स पर भी पड़ता है। डाक्टरों का कहना है कि ब्रेन में हाइपोथैलेमस पार्ट होता है, जो बॉडी के टेंपरेचर को 95 से 98.6 फॉरनहाइट के बीच में कंट्रोल करता है। जब हीट की वजह से हाइपोथैलेमस ऐबनॉर्मल काम करने लगता है, तो बॉडी का टेंपरेचर बढ़ने लगता है। इससे मेडिकल भाषा में सन स्ट्रोक या लू लगना कहते हैं। डॉक्टर कहते हैं कि जब हीट बढ़ती है, तब बॉडी से हीट को बाहर निकालना जरूरी होता है। आमतौर पर यह हीट पसीने के जरिए बाहर निकलती है। जब सन स्ट्रोक होता है, तब यह हैम्पर कर जाता है और हीट लूज करने का मैकेनिज्म काम नहीं करता है। इस कारण हाई ग्रेड फीवर होता है। कई बार सन स्ट्रोक की वजह से बॉडी के ऑर्गन्स पर भी इफेक्ट पड़ता है। गर्मी की वजह से कुछ लोगों में ब्लड का आरबीसी टूटने लगता है, जिसे हाइपरथर्मिया कहते हैं। अगर समय पर इलाज नहीं हो, तो इसका असर बॉडी के ऑर्गन्स पर होता है। इसलिए सावधानी बरतें।



### त्वचा है कवच इसे संभालें वरना बढ़ सकती है समस्या

शरीर के लिए त्वचा, बुलेट प्रूफ का काम करती है। जो खतरनाक विषाणुओं और जीवाणुओं से शरीर की रक्षा करती है। इससे व्यक्ति कई रोगों से बच जाता है। आज कल के युवा खासकर युवतियां और महिलाएं फैशन के चक्कर में बाजार में बिकने वाले रासायनिक क्रीम का बहुतायत में प्रयोग कर रही हैं। इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है। वायु प्रदूषण के कारण सेहत पर पड़ने वाले असर की जब भी बात होती हैं, तो सबसे पहले श्वसन तंत्र को होने वाले नुकसान पर ध्यान जाता है। शरीर का पहला सुरक्षा कवच त्वचा पर भी प्रदूषण का तेजी से असर पड़ता है। यही कारण है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण त्वचा संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष प्रदूषण के कारण 25 से 35 प्रतिशत त्वचा रोगियों की संख्या बढ़ी है।

### सावधानियां ही कर सकती हैं बचाव

- सिर और चेहरे को ढंककर निकलें।
- हर आधे घंटे में पर्याप्त पानी पियें।
- नींबू पानी और शिकंजी जरूर पियें।
- ग्लूकोज और जलजीरा जरूर पियें।
- गमछा, चश्मा हर समय लगाए रखें।
- बच्चों को पूरी तरह से ढंककर रखें।



# श्रीमद्भागवत कथा में बह रही भक्ति रस की गंगा





**विजयराघवगढ़।** भगवान अरुणा वरुणालय श्री कृष्ण चंद्र की कृपा से कथा व्यास राष्ट्रपति सम्मानित डॉ राम नारायण मिश्र ने अपनी सहज भाव पूर्ण शैली में श्रीमद्भागवत के रहस्यात्मक भावों का उद्गार व्यक्त करते हुए इस कालीकाल में जीव मात्र के कल्याण रार्थ श्रीमद्भागवत सप्ताह श्रवण की उद्देश्यता पर प्रकाश डालते हुए श्री मन नारायण की शरणगती से ही मानव मात्र के कल्याण का सुगम मार्ग बनाया, साथ ही दामोदर चौबे द्वारा बनाए गए मंदिर में भोपाल से आए विद्वान आचार्य पंडित बलराम तिवारी द्वारा माता दुर्गा जी की प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत आज सभी पीठों का वैदिक पद्धति से विधिवत पूजन हवन तथा भव्य प्रतिमा का जलाधिवास कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक विद्वान गणमान्य एवं भक्तगण अपार संख्या में उपस्थित होकर भक्तिमय कार्यक्रम में आनंद के सहभागी बने। कार्यक्रम के अंत में आरती पुष्पांजलि के प्रसाद वितरण किया गया

## रेलवे की पेंशन अदालत में पहुंचे केवल पांच मामले

**कटनी।** रेलवे में काम करने के बाद रिटायर हुए कर्मचारियों की पेंशन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए रेलवे ने पेंशन अदालत का आयोजन किया। जबलपुर रेल मंडल में हुई इस रेल पेंशन अदालत में मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने कहा कि यहां आने वाले हर प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका मौके पर ही समाधान करना अवाश्यक है। अपर मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में वर्चुअल मीटिंग गूगल मीट के माध्यम से इन अदालत का आयोजनकिया गया, जिसमें जबलपुर, कटनी, सागर एवं सतना के पेंशनरों की समस्याएं सुनी इस आयोजन में कुल पांच प्रकरण आए, पेंशन अदालत में कुल 249570 रुपये भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर राहुल श्रीवास्तव, वरि. मंडल वित्त प्रबंधक अभिराम खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) अरविन्दम पाण्डेय मौजूद रहे।



# कल सिवनी से भिड़ेगी कटनी की टीम

### अंतर 23 आयु वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट जबलपुर में

**कटनी।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में अंतर 23 आयु वर्ग जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में कल 8 मई से किया जा रहा है। जिसमे भाग लेने के लिए कटनी जिले की टीम के सिलेक्शन के लिए फारेस्टर प्ले ग्राउंड में 29 अप्रैल को ट्रायल लेकर 28 खिलाड़ियों को चुनकर दो टीमें बनाकर 1 मई एवं 2 मई को ट्रायल मैच का आयोजन किया गया, जिसमे प्रदर्शन के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमे देवांश नानकानी कप्तान, संकल्प जैन, सचिन यादव, ओम तिवारी, कोस्तूभ तिवारी, सुमित सिंह, हिमांशु दाहिया, शशांक निषाद, हर्ष मंगलानी, अय्याज अनवर, पुष्पेन्द्र सिंह, जतिन विश्वकर्मा, श्री गट्टानी, सचिन बर्मन, सक्षम तिवारी शामिल है। अतिरिक्त खिलाड़ी नीलेश नामदेव, सचिन बर्मन, दीपांश नौघरिया शामिल हैं। टीम अपना पहला मैच सिवनी के विरूद्ध 8 मई को खेलेगी। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड, सचिव, जिला क्रिकेट संघ ने दी।

# कार्यस्थल में गतिशील और घर के लिए समर्पित होती हैं महिलाएं

## मदर्स डे पर महिलाओं ने किया स्वास्थ्य जागरूकता का कार्यक्रम



**कटनी।** महिलाएं सक्षम, बहुमुखी व सफल हैं, कार्यस्थल में गतिशील और घर के लिए समर्पित हैं। वे गोंद की तरह हैं जिन्होंने जीवन के बहुत से हिस्से को एक साथ जोड़ कर रखा है । कोई भी सम्मान उनके आगे छोटा पड़ जाता है । वे अपने परिवार व आसपास के सभी लोगों का ध्यान रखती हैं परंतु उनका ध्यान कौन रखेगा, वे सभी का ध्यान रखते रखते अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं जिससे उन्हें शारीरिक व मानसिक समस्याओं व जीवनशैली से जुड़ी समस्या, हार्मोनल डिसऑर्डर जैसी अनेक बीमारियां हो सकती हैं अतः मन शरीर और आत्मा के संतुलन को बनाए रखने के लिए उनके लिए योगाभ्यास करना अति आवश्यक है। यह जीवन के सभी पहलुओं में संतुलन बनाने में मदद करता है। इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया ने महिलाओं के लिए सात दिवसीय फ्री समर कैंप का आयोजन स्थानीय नई बस्ती में किया । आज मदर्स डे के मौके पर उसका समापन करते हुए सभी सदस्यों ने योग प्रशिक्षिका का स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर आभार व्यक्त किया। महिलाओं के साथ-साथ बच्चों में पॉजिटिव पर्सनैलिटी का विकास करने एवं उनमें आत्मविश्वास, साहस और आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए एवं उनके सोशल व बौद्धिक विकास के लिए गुनगुन आहूजा के मार्गदर्शन में सात दिवसीय बाल संस्कार व पर्सनालिटी डेवलपमेंट का भी आयोजन सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराया गया ।सात दिवसीय कार्यक्रमों की समाप्ति बच्चों ने मदर्सके साथ केक काटकर मदर्स डे सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम की में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष श्रीमती नीलम जगवानी, मोना पुरस्वानी नीतू लालवानी, लता पृथ्यानी,पलक पुरस्वानी अनीता जोधवानी, हर्षा कृपलानी, रेशमा पंजवानी, रीना पृथ्यानी ,एकता बत्रा, विनी गलानी, सपना फोटवानी, गीता, कविता, वर्षा तनवानी, कला रीझवानी, लता रिजवानी रेशमा तीर्थनी की उपस्थिति रही।

## सुप्रीम कोर्ट ने पॉस्को में जमानत पर उठाए सवाल



**कटनी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मप्र के ऐसे ही एक मामले में निचली अदालत पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने मप्र हाईकोर्ट के जमानत रद्द करने के आदेश में हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया। कटनी जिले में एक नाबालिग बालिका के साथ उसके चाचा और उसके दोस्त ने छह साल तक यौन उत्पीड़न किया। पिछले दिनों इस मामले में एफआईआर हुई लेकिन आरोपियों को महज 14 दिन के अंदर स्थानीय अदालत से जमानत हासिल हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जमानत रद्द करने के मप्र हाईकोर्ट के निर्णय में हस्तक्षेप से इंकार करते हुए पीड़िता के पक्ष में निर्णय सुनाया। पीड़िता की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी शिवपुरी निवासी निपुण सक्सेना ने की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि निचली अदालत ने अपराध और सजा की गंभीरता एवं एफआईआर में आरोपों की अनदेखी की थी, जोकि बेहद गंभीर प्रकृति के है। दरअसल, ये मामला साल 2013 से 2019 के बीच का है। 2013 में पीड़िता की उम्र 9 वर्ष थी। उस समय से लेकर 2019 तक लगातार 6 साल तक आरोपी चाचा द्वारा लगातार पीड़िता का यौन शोषण किया गया। पीड़िता के सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज बयानों के अनुसार, जब वह छठी कक्षा में थी, तब आरोपी और उसके दोस्त ने घर पर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। केस दर्ज होने के बाद पोक्सो अधिनियम के तहत कटनी की विशेष अदालत ने आरोपियों को 14 दिन के अंदर ही जमानत दे दी।

## कलेक्टर ने दिये निर्देश, नो पार्किंग में खड़े न हों वाहन

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शहर के मुख्य चौराहों में यातायात को सुगम बनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े नही हो, इस पर विशेष ध्यान दें। सुभाष चौक से स्टेशन चौराहे तक सेंटर पार्किंग हटाने के लिए एक सप्ताह प्रयोग के तौर पर कार्य किया जाए। शाम को सड़क पर लगने वाली सब्जी दुकानों को हटाने की कार्रवाई भी की जाए। यातायात विभाग की मांग पर नगर निगम को एक वाहन उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया। कलेक्टर ने मुख्य मार्ग में आगे तक दुकान लगाने, बनाए गए शेडों को हटाने के लिए प्वाइंट निर्धारित कर कार्रवाई करने के लिए भी कहा है।

# 5 साल से बंद पड़ा ट्यूबवैल

## कटनी की घनी आबादी वाले जयप्रकाश वार्ड में जलापूर्ति प्रभावित

**कटनी।** शहर के अंदरूनी वार्डों में पेयजल संकट से स्थिति खराब होने लगी है। आलम यह है कि नगर निगम द्वारा सप्ताह में केवल चार दिन जलापूर्ति किए जाने से लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां पिछले कई सालों से ट्यूवबैल बंद पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला नई बस्ती के जयप्रकाश वार्ड के अंतर्गत अन्नदपुर आश्रम संतानी भवन के पास सामने आया है, जहां नगर निगम द्वारा लगाया गया ट्यूबबेल पिछले पांच साल से बंद पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में पानी की विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम कार्यालय में कईयों बार इसकी शिकायत भी की लेकिन आज तक ट्यूबबेल चालू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों द्वारा चेतवानी दी गई है कि अगर एक ह ते में ट्यूबबेल चालू नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करने मजबूर हो जाएंगे। क्षेत्र के नागरिकों ने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने नगर निगम आयुक्त को बंद पड़े ट्यूबबैल को चालू कराकर जलापूर्ति करने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बाद भी आयुक्त ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।




सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 06 से
1, 4, 7, एवं रात्रि 10 बजे से




MULTIVERSE OF MADNESS (हिंदी में)
कलाकार- एलिजाबेथ ओलसेन, बेनेडिक्ट वोंग, माईकल स्टुबर्ग, रचेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार चौथा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 29 से
12.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से



KGF CHAPTER-2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 29 से
3.30 एवं सायं 6.30 बजे से



RUNWAY-34 (हिंदी में)
कलाकार- अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रकुलप्रीत सिंह, बोमन ईरानी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 07 मई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# टीटीई रेस्ट हाऊस की देखरेख पर ध्यान नहीं देर रहा रेलवे

## मुड़वारा स्टेशन के पास लाखों रूपए की लागत से कराया गया है निर्माण

यश भारत खबर विशेष

कटनी। मुड़वारा स्टेशन के पास लाखों रूपए की लागत से निर्मित 50 बिस्तरों वाले चल टिकट परीक्षक विश्राम गृह के रखरखाव के लिए अब तक किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे विश्राम गृह में लगे पेड़-पौधे सूख गए हैं और घांस भी बरबाद होने की कगार पर पहुंच गई है। यह भी पता चला है कि पहले रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी विश्राम गृह का उपयोग रेलवे की आय बढ़ाने के लिए करना चाह रहे हैं और इसके आधे हिस्से को कमर्शियल उपयोग में लेना चाह रहे हैं लेकिन बाद में अधिकारियों ने अपना विचार बदल दिया। बताया जाता है कि ग्राउण्ड फ्लोर पर साऊथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के टिकट परीक्षकों के रूकने की व्यवस्था की गई है।

बताया जाता है कि यात्री गाड़ियों में ऑन ड्यूटी सेवा प्रदान करने वाले टिकट चल निरीक्षकों को स्टेशन पर विश्राम करने के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा दी जा रही है। जिससे वो ड्यूटी के बाद आराम कर सकें और फिर से ड्यूटी के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर तैयार हो सकें। पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत कटनी मुड़वारा स्टेशन के पास 50 बिस्तरों वाले न्यू टीटीई रेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया है। कुछ समय पहले इसका लोकार्पण भी किया गया है। इस रेस्ट हाउस में सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ महिला टिकट चल निरीक्षकों के लिए अलग से सुविधाएं प्रदान की गई है। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर 3 डोरमेट्री में 30 बिस्तर एवं प्रथम तल पर 2 डोरमेट्री में 20 बिस्तर हैं। महिला टीटीई के लिए ग्राउंड फ्लोर पर एक रूम एवं प्रथम तल में एक रूम के साथ बाथरूम अटेच है। ग्राउंड एवं प्रथम तल पर मनोरंजन रूम भी बनाया गया है।

**पेड़ पौधे सूखे, सफाई का भी अभाव, घास बरबाद होने की कगार पर**





### भोजन बनाने के लिए दो किचन

इस रेस्ट हाउस में टीटीई के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भोजन बनाने के लिए दो किचन एवं स्टोर रूम ग्राउंड फ्लोर पर बनाया गया है। भोजन ग्रहण करने के लिए डाइनिंग हॉल की व्यवस्था की गई है। एक स्टाफ रूम एवं एक स्टाफ रेस्ट रूम के साथ अलग से व्यवस्था की गई है, जिससे आवक और जावक का उचित ध्यान रखा जा सके। दोनों मंजिलों पर स्नानगृह एवं शौचालय की अलग से उचित व्यवस्था के साथ पांच ब्लॉक तैयार किये गए हैं। पीने के पानी के लिए वाटर कूलर दोनों मंजिलों पर लगाया गया है। स्टाफ कार्यालय का रूम ग्राउंड फ्लोर पर अलग से तैयार किया गया है।

### रखरखाव पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

टिकट परीक्षकों के लिए बनाए गए विश्राम गृह की देखरेख के लिए अब तक किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे न तो इसकी नियमित तौर पर सफाई हो पा रही है और न ही चल टिकट परीक्षकों को सुविधाएं मिल पा रही हैं। बताया जाता है कि ग्राउण्ड में फ्लोर पर बनाए गए मैदान पर लगाई गई घांस भी अब पूरी तरह से सूख गई है।

### यह सुविधाएं हैं टीटीई रेस्ट हाऊस में

0 ग्राउंड फ्लोर पर तीन डोरमेट्री में 30 बिस्तर एवं प्रथम तल पर दो डोरमेट्री में 20 बिस्तर उपलब्ध है।
0 महिला टीटीई के लिए ग्राउंड फ्लोर पर एक रूम एवं प्रथम तल में एक रूम बनाया है।
0 ग्राउंड एवं प्रथम तल पर मनोरंजन रूम भी बनाया गया है।
0 टिकट परीक्षकों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भोजन बनाने के लिए दो किचन एवं स्टोर रूम ग्राउंड फ्लोर पर बनाया है।
0 भोजन ग्रहण करने के लिए डाइनिंग हॉल कि व्यवस्था की है।
0 एक स्टॉफ रूम एवं एक स्टॉफ रेस्ट रूम के साथ अलग से व्यवस्था की गई है। जिससे आवक और जावक का उचित ध्यान रखा जा सके।
0 दोनों मंजिलों पर स्नानगृह एवं शौचालय की अलग से उचित व्यवस्था के साथ एक ब्लॉक तैयार किया गया है।
0 पीने के पानी के लिए ड्रिंकिंग वॉटर कूलर दोनों मंजिलों पर लगाया गया है।
0 टीटीई रेस्ट हऊस में स्टाफ कार्यालय का रूम ग्राउंड फ्लोर पर अलग से तैयार किया गया है।



# स्लीमनाबाद के धरवारा में 60 लाख की सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

**राजस्व रिकार्ड में रास्ता मद में दर्ज है सरकारी जमीन**

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के स्लीमनाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम धरवारा में राजस्व अभिलेख में दर्ज सार्वजनिक रास्ते में किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाकर 60 लाख रुपये अनुमानित मूल्य की जमीन को मुक्त कराया गया। तहसीलदार स्लीमनाबाद संदीप ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने धरवारा ग्राम के खसरा नंबर 1218 की 1.21 हेक्टेयर में किये गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। तहसीलदार स्लीमनाबाद संदीप ठाकुर ने बताया कि राजस्व रिकार्ड में यह रकवा रास्ता मद में दर्ज है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव, कमल बर्मन और राजेन्द्र श्रीवास्तव सहित पटवारी दिग्विजय सिंह तथा स्लीमनाबाद पुलिस थाना का बल मौके पर मौजूद रहा।



# कॉलेज चलो अभियान को लेकर बैठक में चर्चा

**विजयराघवगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ के प्राचार्य कक्ष में समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के साथ कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सत्र 2022-23 महाविद्यालय ई-प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा प्रदान की गयी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित नई शिक्षाय नई उड़ान पुस्तिका का प्रिंटआउट सभी प्राचार्य को उपलब्ध करावाये गए। डॉ सुमन पुरवार द्वारा शासन की हितग्राही योजनाओं से अवगत करवाया गया और सभी प्राचार्य को इन योजनाओं के पंपलेट प्रदान किए गये। बैठक में प्राचार्य, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजयराघवगढ़, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजयराघवगढ़, सिनगौड़ी, कारीतलाई, बरहटा, भैंसवाही, देवराकलां, हरैया विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# चार प्रतिष्ठानों में नहीं मिले स्टॉक बोर्ड, पंजी भी नहीं थी संधारित

**कटनी।** खाद्य तेल व तिलहन की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रतिष्ठानों की जांच करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने शहर के प्रतिष्ठानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों द्वारा नगर के विशाल मेगा मार्ट, घंटाघर स्थित श्रीराम किराना भंडार, संदीप एजेंसी, गीतांजलि मार्केट हनुमानगंज, शंभूलाल कृष्णकुमार एंड संस पहरूआ व गीता ट्रेडर्स पहरूआ मंडी की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मध्यप्रदेश खाद्य तेल एवं तिलहन व्यापारी नियंत्रण आदेश 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत विशाल मेगा मार्ट, गीता ट्रेडर्स, श्रीराम किराना भंडार में स्टॉक बोर्ड व स्टॉक पंजी संधारित नहीं पाई गई। वहीं शंभूलाल कृष्णकुमार एंड संस पहरूआ में स्टॉक बोर्ड का प्रदर्शन नहीं पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों के मालिकों के खिलाफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

# खिरहनी टनल के वेस्ट वॉटर को बैराज तक पहुंचाया जा रहा

## नहर के माध्यम से कटनी नदी तक पानी भेजने पर प्रशासन का फोकस



**पेयजल संकट गहराने के बाद हरकत में आया प्रशासन, कलेक्टर ने टनल से लेकर बैराज तक किया निरीक्षण**

**कटनी।** खिरहनी के पास निर्माणाधीन टनल के वेस्ट वॉटर को कटनी नदी तक पहुंचाते हुए शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने की कड़ी में कल सुबह कलेक्टर ने बहोरीबंद के खिरहनी टनल से लेकर बैराज तक का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और टनल का वेस्ट वॉटर कटनी नदी बैराज तक पहुंच सके, इसके लिए अभियान के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए। सुबह नगर निगम, एनबीडीए, राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ खिरहनी टनल पहुंचे कलेक्टर ने टनल निर्माण कंपनी व एनबीडी, के अधिकारियों से टनल की खुदाई के दौरान निकलने वाले पानी की स्थिति की जानकारी ली, जिसमें अधिकारियों ने बताया कि टनल से मशीनों के माध्यम से पानी को नजदीक के प्राकृतिक नाले तक पहुंचाया जाता है और आगे चलकर पानी कटनी नदी में मिलता है। कलेक्टर ने वर्तमान में रोजाना की पानी की उपलब्धता की जानकारी ली और पानी के कटनी नदी के माध्यम से बैराज तक पहुंचने पर शहरवासियों को मिलने वाले पेयजल के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

### मोटर पंप से पानी खींचने पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर ने प्राकृतिक नाले में टनल से मशीनों के जरिए आ रहे पानी और उसके बाद खिरहनी से सलैया पयासी व पिपरिया परौहा के बीच तक कटनी नदी में पानी की स्थिति का जायजा लिया। बताया जाता है कि खिरहनी से लेकर सलैया पयासी के बीच नदी से पंप लगाकर किसान पानी खींचते हैं, जिसके चलते पानी का फ्लो कमजोर हो जाता है और ऐसी ही स्थिति पिपरिया परौहा से घुघरा के बीच बनती है। कलेक्टर ने बहोरीबंद एसडीएम को नदी के किनारे बसे गांवों में नदी से मोटर लगाकर पानी खींचने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर मुनादी कराने और उसके बाद पंप जब्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए।

### नदी में जमी सिल्ट हटाएं

कटनी नदी में बाइपास से लेकर बैराज के बीच में सिल्ट की समस्या को लेकर कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को मशीनें लगाते हुए काम प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस भी सामग्री की जरूरत हो, उसकी रिपोर्ट बनाकर शाम तक दें, ताकि उपलब्धता कराई जा सके। कलेक्टर ने कटनी नदी पर अमकुही में बने बैराज की स्थिति का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

# संकट मोचन धाम में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**विजयराघवगढ़।** विप्र कुलभूषण भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम में पूर्ण वैदिक विधि विधान से सुरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा पूजन वंदन के बीच मनाया गया। उन्होंने बताया कि चिरजीवी भगवान परशुरामजी के वंशज होने का हमें गौरव प्राप्त है। हमें अपने स्वधर्म का पालन करते हुए समाज में समरसता का वातावरण निर्मित करना चाहिए। संस्कृत विद्यालय के छात्रों एवं आचार्यों ने स्वस्ति वाचन, प्रबंध पाठ, महाआरती, मध्यान्ह प्रसाद वितरित करते हुए जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कलहरा निवासी सुदामा गर्ग के परमपद पर उपस्थित जनों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार में आए इस गहन दुःख को सहन करने की भगवान श्री मन्नारायण से प्रार्थना की। कार्यक्रम में विमलेन्दु पयासीए, अजय त्रिपाठी, अनिल शर्मा, डॉ अनिल मिश्रा, अजीत पांडेय, जमुना दुबे, आचार्य कृष्णदास पांडेय, रामावतार त्रिपाठी, राजेश गर्ग, जागेश्वर प्रसाद मिश्र, आशीष मिश्रा सहित अन्य विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए -
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,
जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 29th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| RUNWAY-34 | 10.30 AM | KGF | 9:45 AM | Heropanti-2 | 10:45AM |
| KGF | 1:15 PM | Heropanti-2 | 1:00 PM | RUNWAY-34 | 1:30 PM |
| RUNWAY-34 | 4:30 PM | Heropanti-2 | 4:00 PM | RUNWAY-34 | 4:15 PM |
| Heropanti-2 | 7:15 PM | Heropanti-2 | 6:45 PM | RUNWAY-34 | 7:00 PM |
| RUNWAY-34 | 10:00 PM | Heropanti-2 | 9:30 PM | KGF | 9:45 PM |

Paytm bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

## कार्यालय कलेक्टर, जिला कटनी मध्यप्रदेश एवं पदेन समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

796/अ.वि.अ./भू.अ. /2021 — अधिसूचना — कटनी, दिनांक 27 जनवरी 2022

(भू-अर्जन पुर्नवास एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के अध्याय II एवं III के अंतर्गत)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी ढीमरखेडा जिला कटनी के राजस्व प्रकरण क्रमांक/01/अ-82/भू.अ./2021-22 म.प्र. शासन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ-16-15-(1) 2014 सात-शा 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जो कि म.प्र. राजपत्र दिनांक 03 अक्टूबर 2014 को प्रकाशित किया गया है के द्वारा जिले के कलेक्टरों को समुचित सरकार माना गया है तथा भू-अर्जन प्रकरणों में 10,000 हे. (दस हजार हे.) से कम के प्रकरणों में जो सार्वजनिक प्रयोजन से संबधित है में निर्णय हेतु अधिकृत किया गया है।

भारत सरकार द्वारा जारी अध्यादेश जो कि भारत का राजपत्र दिनांक 31 दिसंबर 2014 को जारी किया गया है। अध्यादेश में नया अध्याय IIए लागू किया गया है जिसके अंतर्गत धारा 10(ए) के अनुसार समुचित सरकार (जो कि अधिनियम की धारा 3(ई) के अनुसार राज्य शासन है। को (धारा 9 सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन से छूट एवं अध्याय-तीन के अनुसार इस धारा के उपबंध ऐसी परियोजनाओं की दशा में जो दीर्घकालीन प्रकृति है, जैसे की रेल, राजमार्गों, प्रमुख जिला सडकें सिचाई नहर, विद्युत लाईनें आदि लागू नहीं होंगे) उक्त के तहत यह अधिकार दिया गया है कि वह उल्लेखित परियोजनाओं में भू-अर्जन अधिनियम 2013 के अध्याय II तथा III के प्रावधानों से विमुक्त कर सकती है। कटनी जिले में म.प्र. शासन से आपदा प्रबंधन के तहत बाढ नियंत्रण हेतु बेलकुण्ड नदी डायवर्सन हेतु निर्माण कार्य जो देश व प्रदेश विकास, जनहित संबंधी है। अतः इस अनुसूची में दर्शाये जा रहे प्रस्तावित प्रकरणों में भू-अर्जन कार्यवाही हेतु भारत सरकार द्वारा भू-अर्जन संबंधी जारी अध्यादेश दिनांक 31.12.2014 एवं 03.04.2015 एवं 09.11.2017 में दिये गये निर्देश एवं निहित व्यवस्था तथा राज्य शासन से अधिकृत क्षमता अनुसार प्रकरणों में भू-अर्जन अधिनियम 2013 के अध्याय II एवं III के प्रावधानिक कार्यवाही से विमुक्त किया जाता है।

**अनुसूची**

प्रकरण में अर्जन की जाने वाली निजी भूमि का विवरण इस प्रकार है :-

| जिला | तहसील | ग्राम | कुल प्रभावित खातेदारों की संख्या | कुल प्रभावित ख.नं. | अर्जन की जाने वाली निजी भूमि का कुल रकवा हे. में | सार्वजनिक प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | ढीमरखेड़ा | मुड़िया पुरवा प.ह.नं. 17 नं. बं. 648 | 01 | 01 (ख.नं. 314) | 0.64 | बाढ़ नियंत्रण हेतु बेलकुण्ड नदी डायवर्सन हेतु भू-अर्जन |

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी ढीमरखेडा के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

G-12365/22

(प्रियंक मिश्रा)
कलेक्टर, जिला कटनी एवं
पदेन समुचित सरकार
राजस्व विभाग

# अमृत सरोवर का हाल जानने बंजारी पहुंचे कलेक्टर





**कटनी।** जिले में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों की गुणवत्ता और बारिश का पानी अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके, इसको लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यों का जायजा ले रहे हैं। बुधवार को कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों के साथ जिले की विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर अमृत सरोवर निर्माण कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम बरहटा निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माणाधीन अमृत सरोवर के कार्य को देखा और ग्रामीणों से भी चर्चा की। सरोवर में अधिक से अधिक बारिश का पानी ठहर सके, इसका ध्यान रखने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बरहटा में पेयजल समस्या की जानकारी मिली, जिसपर उन्होंने अधिकारियों से तत्काल पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश प्रदान किए। बरहटा ग्राम के बाद कलेक्टर श्री मिश्रा बंजारी गांव पहुंचे और अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। बंजारी में बन रहे अमृत सरोवर का कार्य पूरा होने के बाद उसमें मछली पालन कराने और गांव में पोल्ट्री शेड का निर्माण कराने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। बंजारी में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पट्टा देने के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने पात्रों को पट्टा प्रदान करने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। बंजारी के बाद चौरा गांव पहुंचे कलेक्टर श्री मिश्रा ने बनाए जा रहे अमृत सरोवर के कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लाजरूस केरकेट्टा, जनपद पंचायत सीईओ राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विजयराघवगढ़ के ग्राम चौरा का भी किया भ्रमण



## डूब क्षेत्र से लगे ग्राम पिपरा पहुंचे सीईओ

### निर्माणाधीन अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



**कटनी।** जिले की ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे अमृत सरोवर कार्यों का कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि तालाबों का कार्य समय सीमा पर पूरा हो सके। बुधवार को जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पिपरा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण किया और कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश प्रदान किए। साथ तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर साइट का निरीक्षण किया और तत्काल कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लाजरूस केरकेट्टा, जनपद पंचायत सीईओ राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य तेल व तिलहन की स्टॉक सीमा निर्धारित

### थोक एवं फुटकर दुकानों में पहुंचकर स्टॉक की जांच करेंगे अधिकारी

**कटनी।** खाद्य तेल व तिलहन की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए फुटकर व थोक व्यापारियों के खाद्य तेल व तिलहन की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। जिले में स्टॉक की जांच को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिले के अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जिला आपूर्ति नियंत्रक, जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को व्यापारियों की जांच के अधिकार प्रदान किए गए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में खाद्य तेल, तिलहन की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए थोक व फुटकर व्यापारियों के स्टॉक की जांच करने और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार खाद्य तेल फुटकर व्यापारी 30 क्विंटल व थोक व्यापारी 500 क्विंटल, खाद्य तिलहन फुटकर व्यापारी 100 क्विंटल और थोक व्यापारी 2000 क्विंटल तक स्टॉक रख सकेंगे।



# सराहनीय रहे नालंदा विद्यालय के परीक्षा परिणाम

**कटनी।** हायर सेकेन्डरी परीक्षा 12वीं में नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान समूह में कनिष्का चौदहा 84.4 प्रतिशत प्रथम, आकाश जयसवाल 81.2 प्रतिशत द्वितीय एवं मानशी सोनी 77.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य समूह में यशराज बर्मन ने 88.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं योगेन्द्र चौरसिया 86 प्रतिशत द्वितीय एवं चाहत मंगलानी 85.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कला समूह में आस्था भदौरिया 91.2 प्रतिशत प्रथम, देवराज प्रामाणिक 84 प्रतिशत ने द्वितीय एवं श्रेया द्विवेदी 83.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान अर्जित किया है। हिन्दी माध्यम मे विज्ञान समूह में स्नेहा गुप्ता 84.6 प्रतिशत ने प्रथम, खुशी बर्मन 73.2 प्रतिशत द्वितीय एवं योगेश मीना 70.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य समूह में मनीष चौधरी 71.2 प्रतिशत ने प्रथम, उदित पांडे 63 प्रतिशत ने द्वितीय एवं मधु तिवारी 62.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है । कला समूह मे सलेहा बानो 74.2 प्रतिशत ने प्रथम, धीरज पांडे ने द्वितीय एवं विनय बर्मन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या भारती निगम ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# किड्स केयर हायर सेकेंडरी के छात्रों ने प्रदेश और जिले की मैरिट में हासिल किया स्थान





**कटनी।** किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का परिणाम जिले में सर्वश्रेष्ठ रहा। यहां के छात्र विनय गुप्ता ने राज्य की मैरिट लिस्ट में छटवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही छात्रा तान्या सिंह चंदेल तथा छात्र प्रभांशु तिवारी ने जिले की मैरिट लिस्ट में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा 12वी में 122 छात्र प्रथम श्रेणी में, 9 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 97 फीसदी रहा। कक्षा 10वी में प्रथम श्रेणी 52 एवं द्वितीय श्रेणी में 23 छात्र उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 88 फीसदी रहा। विद्यार्थियों की इस सफलता में उनके शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. डी. के. खरे, ममता खरे, ऐरावत आकाश हिन्दुजी, कात्यायनी हिन्दुजी तथा डॉ. ऐश्वर्या अपूर्वा हिन्दुजी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# कुपोषण दूर करने जन सहयोग से चलेगा पोषण मटका अभियान

### आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिलेगी पोषण आहार की मटकी

**कटनी।** जिले में कुपोषण मुक्ति को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए अभिनव पहल की गई है। जिले में पोषण मटका अभियान चलाकर जन सहयोग पोषण सामग्री प्राप्त की जा रही है, जिसके माध्यम से बच्चों को पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में अभी तक दो हजार 267 किलोग्राम अनाज, 432 किलोग्राम सब्जी और 389 किलोग्राम फल प्राप्त हुए हैं। जिन्हें बच्चों को वितरित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह और उनकी टीम के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। पोषण मटका अभियान के अंतर्गत बच्चों को रेडी फूड, लड्डू, मठरी, भुना चना, गुड़, बिस्किट, नमकीन, मुरमुरा सहित अन्य पोषण आहार खिलाया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में पोषण विविधता की जागरूकता के साथ ही विभिन्न पोषण तत्वों की उपलब्धता और उपयोग बढ़ाना है, ताकि कुपोषित बच्चों को इसका सीधा लाभ मिल सके।





# खिरहनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 7 मई तक श्रमिक विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया के मार्गदर्शन में बुधवार को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के साथ रोबिन्स टर्लिंग एंड ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड स्लीमनाबाद के ग्राम खिरहनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रम निरीक्षक सुनीत प्रताप सिंह द्वारा श्रमिकों को मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं श्रमिकों के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठों। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के पैरा लीगल वालंटियर के द्वारा निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को जानकारी देते हुये बताया कि यदि उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी से भी संपर्क कर सकते हैं। शिविर के दौरान फैक्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं मजदूर उपस्थित रहे।

# प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक का आयोजन

### 14 मई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में एवं दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की उपस्थिति में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के विश्राम कक्ष में 14 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित मीटिंग में अध्यक्ष श्री उपाध्याय ने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना-2015 के अंतर्गत 03 प्रकरणों का भी निराकरण किया गया, जिसमें पीड़ित पक्षकारों को राशि रूपये 10 लाख प्रतिकर के रूप में प्रदान किए जाने का आदेश पारित कर 3 पीड़ित पक्षकारों को लाभांवित किया।

# वार्डों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने विशेष टीम गठित

### 45 वार्ड प्रभारियों सहित आधा दर्जन प्रभारी अधिकारी जल संकट पर रखेंगे नजर



**कटनी।** नगर के वार्डों में पेयजल व्यवस्था का मूल्यांकन कर समुचित पेयजल आपूर्ति कराने हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा विशेष दल का गठन किया गया है। गठित दल के निर्देशन में ट्रेक्टर -टैंकर के माध्यम से वार्डों में जलापूर्ति कराने हेतु वार्ड प्रभारी, सहयोगियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू पेयजल व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के समस्त वार्डो हेतु एक वार्ड का एक प्रभारी, सहायक सहित 6 प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये है। वार्ड क्रमांक 1 से वार्ड क्रमांक 7 तक का प्रभारी अधिकारी उपयंत्री रवि हनोते 9770719506 , वार्ड क्रमांक 8 से वार्ड क्रमांक 15 तक का प्रभारी अधिकारी उपयंत्री जे.पी.सिंह 8989911060, वार्ड क्रमांक 16 से वार्ड क्रमांक 21 तक का प्रभारी अधिकारी प्र.सहा.यंत्री अनिल जायसवाल 8989911080 को बनाया गया है। वार्ड क्रमांक 22 से वार्ड क्रमांक 26 तक प्रभारी अधिकारी उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी 9987379995, वार्ड क्रमांक 27 से वार्ड क्रमांक 37 तक प्रभारी अधिकारी उपयंत्री संजय मिश्रा 8989911058 तथा वार्ड क्रमांक 38 से वार्ड क्रमांक 45 तक प्रभारी अधिकारी उपयंत्री एस.के.गर्ग 9340534528 को बनाया गया है।

जल प्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल 9827574653 सहायक यंत्री अश्विनी पाण्डेय 8989911059 एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव 7987501365 को गठित दल के माध्यम से प्रतिदिन शिकायतों का निराकरण कराते हुए पेयजल आपूर्ति हेतु ट्रेक्टर -टैंकर चालक के मोबाईल नंबर सहित नाम इत्यादि वार्ड स्तर की जानकारी गठित दल को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# संस्कृत के विद्यार्थियों को जुलाई से मिलेगी छात्रवृत्ति

### पोर्टल से होगा छात्रवृत्ति वितरण का संचालन

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों को जुलाई माह से छात्रवृत्ति मिलना आरंभ हो जाए। छात्रवृत्ति का संचालन पोर्टल से होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद का त्यौहार प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूर्ण उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न होने पर सभी को बधाई और शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व और परशुराम जयंती पर संस्कृत भाषा का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों और पुजारियों के कल्याण के संबंध में लिए गए निर्णय की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संस्कृत शिक्षकों के सभी पद भरे जाएंगे। अब तक 1900 पद भर लिए गए हैं, शेष पर भर्ती जारी है। जब तक शिक्षकों की भर्ती नहीं होती तब तक अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत शिक्षकों के पदों पर भर्ती से, युवा संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षित होंगे और संस्कृत शिक्षण को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए भी प्रेरित होंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परशुराम चरित्र और गीता सार को शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए पाठ्यक्रम समिति की बैठक करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को शासन की संबल सहित सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंदिर के पुजारियों को उपलब्ध कराए जाने वाले मानदेय के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम गान के साथ शुरू हुई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# प्रसव के बाद बच्चे की मौत

## जिला अस्पताल में परिजनों का हंगामा, चिकित्सक व चिकित्सा स्टाफ पर लापरवाही के आरोप



**कटनी।** जिला अस्पताल में प्रसव के बाद एसएनसीयू में भर्ती बच्चे की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बच्चे की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और जिला अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। महिला के परिजनों का आरोप है कि ठीक से जांच न करने व देखभाल न होने से बच्चे की मौत हुई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा चौक खिरहनी निवासी पूजा पति आदित्य गौतम को 30 मई को जिला अस्पताल में प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती किया गया। 4 मई को प्रसव हुआ। परिजनों का आरोप है कि जब महिला का प्रसव कराया जा रहा था उस दौरान डॉक्टर मौजूद नहीं थीं। ना ही ठीक से जांच की गई। प्रसव नर्सों के द्वारा कराया गया। जिस वजह से बच्चे को परेशानी हुई और उसकी मौत हो गई।

### तीन-चार घंटे तड़पती रही प्रसूता

पति आदित्य गौतम का आरोप है कि एक भी दिन डॉ. सुनीता वर्मा जांच के लिए नहीं आई। बच्चे दानी का मुंह डेढ़ बजे खुल गया था और डिलेवरी कई घंटे बाद कराई गई। पूजा तीन-चार घंटे तड़पती रही लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। नर्सिंग स्टॉफ यह बता रहा था कि बच्चे ने पेट में लेटरिंग कर लिया है इन्फेक्शन हो रहा है। सौरभ गौतम ने कहा कि डॉ. सुनीता वर्मा को यहां से हटाया जाए। समय पर जांच होती रहती तो यह समस्या नहीं होती। पांच घंटे प्रसूता तड़पती रही डॉक्टर ने और ना ही नर्सिंग स्टॉफ ने ध्यान दिया, मोबाइल खेल रहीं थीं। बच्चे की देखरेख नहीं की, जिससे नवजात की मौत हो गई।

### इनका कहना है

पूजा देवी 28 अप्रैल की शाम भर्ती हुई, दो घंटे बाद चली गई। फिर 1 मई को दोपहर में आई। तीन तक प्रसव प्रक्रिया नहीं हुई तो चार बार महिला चिकित्सक ने जांच कर ऑपरेशन कराने कहा गया लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया। लिखकर देने से भी मना कर दिया। 4 मई को 5:45 पर डिलेवरी हुई। बच्चे को सांस लेने में तकलीफ थी, झटके आ रहे थे। बच्चे को एसएनसीयू में रखा गया। ऑक्सीजन में रखा गया। बच्चे को जबलपुर ले जाने कहा गया लेकिन परिजन नहीं माने। शुक्रवार 6:45 बजे बच्चे की मौत हो गई। परिजनों के आरोप निराधार हैं।

**डॉ. यशवंत वर्मा, सिविल सर्जन**

## रंजिशन दो पक्ष आपस में भिड़े

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआकला में पुरानी रंजिश को लेकर पटेल परिवार के सदस्यों में विवाद हो गया और मामला थाने की चौखट चढ़ गया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया है। जानकारी अनुसार ग्राम हरदुआकला में रंजिशन पड़ोसियों के बीच कहासुनी से उपजे विवाद ने मारपीट कर रूप ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान नारायण पटेल व मुन्ना पटेल ने मिलकर किशोरीलाल पटेल पिता कोदू लाल पटेल से मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से किशोरी पटेल द्वारा बद्री पटेल पिता मुन्ना पटेल से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। दोनों ही पक्षों के सदस्यों ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने काउंटर मामला कायम कर जांच में लिया है।

### माधवनगर के कृष्णा उघोग से 4 क्विंटल चाऊमीन जप्त

# चाऊमीन फैक्ट्री में प्रशासन व पुलिस का छापा

## संचालक के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर



**कटनी।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने राबर्ट लाइन माधवनगर स्थित चाऊमीन निर्माण की फर्म कृष्णा उद्योग में दबिश देकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमकर गंदगी पाई गई। वहीं कई मानकों का पालन किए बिना चाऊमीन निर्माण होना पाया गया। चाऊमीन बनाने वाली मशीन सहित निर्माण स्थल में भी काफी गंदगी अटी थी। साथ ही चाऊमीन के पैकेट में पैकेजिंग का दिनांक और उत्पाद की एक्सपायरी डेट, बैच नम्बर और मैन्युफैक्चरिंग पता भी नहीं उल्लेखित किया जा रहा था। संयुक्त जांच दल ने यहां से करीब 4 क्विंटल चाऊमीन जप्त कर नमूना जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि विक्रेता धीरज कोटवानी के विरूद्ध धारा 269 और 272 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता, ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा सहित माधवनगर पुलिस थाना का बल मौजूद रहा।



# नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर हुई कार्रवाई

## पुलिस ने क्रेन से उठवाए वाहन, काटा चालान

**कटनी।** शहर की अराजक व बिगड़ैल यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा एक बार फिर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में तीन दिन से कार्रवाई जारी है। नो-पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। एसपी के सख्त निर्देश के बाद शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस पूरे दिन नो पार्किंग से गाड़ियों को हटवाया तो कुछ गाड़ियो को क्रेन से उठवाकर थाने पहुंचवाया, जहां वाहनों का चालान कटा। लगातार आमजन को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर में यह कार्यवाही की जा रही है। शाम तक लगभग 50 वाहनों पर मोटर व्हीकल की विभन्न धाराओं में हुई कार्यवाही।

### नहीं चली सिफारिश

जैसे ही शहर में ट्रैफिक की टीम ने क्रेन से गलत पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को उठवाया, वाहन मालिकों की सांसे फूल गईं। अपना-अपना जोर आजमाइश करते गाड़ी छोड़ने का प्रयास करते रहे लेकिन ट्रैफिक पुलिस की सख्ती के चलते चालान भरना पड़ा। हालांकि वाहनों पर कार्रवाई तो हो रही है लेकिन शहर भर के शोरूम, दुकानों के बाहर सड़क में अस्थाई अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जा रही हैं, उनपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शाम होते ही मुख्य मार्ग सब्जी बाजार में तब्दील हो जाता है। नगर निगम द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से शहर बदरंग नजर आता है व जाम की स्थिति बनती है।

### यात्री दबाव कम करने रेलवे का निर्णय

# अमरकंटक व नर्मदा एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक कोच अस्थाई रूप से बढ़ा

**कटनी।** भोपाल से दुर्ग और इंदौर से बिलासपुर के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस व नर्मदा एक्सप्रेस में बढ़ते यात्री दबाव को रेलवे ने गंभीरता से लिया है और इन दोनों ही ट्रेनों में शयनयान श्रेणी का एक-एक अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है। इन गाड़ियों में एक अतिरिक्त कोच बढ़ने से प्रतीक्षा सूची के 72 यात्रियों को कन्फर्म टिकट उपलब्ध होगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच तीन दिनों तक 06 मई, 07 मई व 08 मई को लगाया जाएगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच 07 मई व 08 मई को लगाया जाएगा।

## कल आएंगी महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल

**कटनी।** महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल का कल कटनी आगमन हो रहा है। वे माधवनगर स्थित सर्किट हाऊस में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगी। प्रदेशाध्यक्ष के कटनी आगमन की तैयारियों के सिलसिले में कल सराफा बाजार स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

# जबलपुर-नादेड़ व रीवा-राजकोट के बाद अब जबलपुर-निजामुद्दीन के बीच भी चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

### परीक्षार्थियों को सुविधा देने रेलवे का निर्णय

**कटनी।** जबलपुर-नादेड़-जबलपुर व रीवा-राजकोट-रीवा के बाद अब रेलवे ने जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर के बीच भी परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जबलपुर-नादेड़-जबलपुर परीक्षा स्पेशल ट्रेन कटनी मुड़वारा होकर तथा रीवा-राजकोट-रीवा परीक्षा स्पेशल ट्रेन कटनी जंक्शन होकर चलेगी जबकि जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर परीक्षा स्पेशल ट्रेन जबलपुर से इटारसी, भोपाल, बीना होकर चलाई जाएगी। जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर परीक्षा स्पेशल ट्रेन आज शनिवार 7 मई को निजामुद्दीन से जबलपुर के बीच तथा वापसी में 9 मई सोमवार को जबलपुर से निजामुद्दीन के लिए एक-एक फेरा परीक्षा चलेगी। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित नॉन टेक्निकल पापुलर कैटेगरी परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा इससे पहले रीवा-राजकोट-रीवा व जबलपुर-नांदेड-जबलपुर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा कर चुका है।

# जुआ, सट्टा, अवैध शराब व स्मैक के विरूद्ध होगी प्रभावी कार्रवाई



### सीएसपी विजय प्रताप सिंह ने संभाला पदभार, तीन माह से खाली चल रही थी कुर्सी

**कटनी।** पिछले तीन महीने से खाली चल रहे नगर पुलिस अधीक्षक के पद को सीएसपी विजय प्रताप सिंह ने ग्रहण कर लिया है। उनका खरगोन के भीकनगांव से कटनी सीएसपी के लिए ट्रांसफर हुआ है। इससे पहले सीएसपी के प्रभार पर डीएसपी हेड क्वार्टर शालनी परस्ते थीं। गौरतलब है कि कटनी सीएसपी रहे शशिकांत शुक्ला का रिटायरमेंट 31 जनवरी को हुआ था । 4 अप्रैल को कटनी सीएसपी पद पर खरगोन के भीकनगांव एसडीओपी विजय प्रताप सिंह का ट्रांसफर हुआ था लेकिन वहां हिंसा भड़क जाने के कारण विजय प्रताप सिंह भारमुक्त नहीं हो पा रहे थे। खरगोन के हालात सामान्य होने के पर उन्हें भारमुक्त किया गया। जिसके बाद उन्होंने कटनी सीएसपी के पद को ग्रहण कर लिया है। सीएसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद विजय प्रताप सिंह ने पत्रकारवार्ता बुलाकर शहर के पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए जुआ, सट्टा, अवैध शराब व स्मैक के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को भी पटरी पर लाने का भरोसा दिलाया। पत्रकारवार्ता में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, निरीक्षक विपिन सिंह, उपनिरीक्षक सिद्धार्थ राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं सिमरन माटानी आयु लग. 32 वर्ष पत्नि श्री दीपक माटानी निवासी खैबर लाईन, माधवनगर कटनी तहसील व जिला कटनी म.प्र. की शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरा विवाह 12.02.2012 को दीपक माटानी जी से हो गया है तथा मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम लक्ष्मी छाबडिया था। जो कि विवाह होने के पश्चात मेरे द्वारा अपने दस्तावजों में नाम सिमरन माटानी दर्ज करा लिया गया है जो कि सत्य व सही है। विवाह के पूर्व का नाम लक्ष्मी छाबडिया और विवाह के पश्चात नाम सिमरन माटानी हो गया है।

### सूचना

मैं मानवी माटानी आयु लग. 35 वर्ष पत्नि श्री श्रीचंद माटानी निवासी खैबर लाईन, माधवनगर कटनी तहसील व जिला कटनी म.प्र. की शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरा विवाह 12.02.2012 को श्रीचंद माटानी जी से हो गया है तथा मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम नीलम देवानी था। जो कि विवाह होने के पश्चात मेरे द्वारा अपने दस्तावजों में नाम मानवी माटानी दर्ज करा लिया गया है जो कि सत्य व सही है। विवाह के पूर्व का नाम नीलम देवानी और विवाह के पश्चात नाम मानवी माटानी हो गया है।

माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. प्रधानपीठ जबलपुर

केवियेट एप्लीकेशन नं. ........................./2022 केविएटर 1 आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी

नान केविएटर आम नागरिक/एजेंसी फर्म म.प्र. आउटडोर नियम अंतर्गत लोकेशन लोकेटर गैन्ट्री यूनिपोल, पोल कियोस्क की निविदा का केविएट एप्लीकेशन

**केविएट एप्लीकेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम कटनी द्वारा माननीय न्यायालय जबलपुर में निकाय द्वारा जारी म.प्र. आउटडोर नियम अंतर्गत लोकेशन लोकेटर गैन्ट्री की निविदा, यूनिपोल की निविदा एवं पोल कियोस्क की निविदा के विषय में नागरिकों द्वारा एकपक्षीय आदेश एवं उससे संबंधित विवाद के संबंध में केविएट दर्ज की जा रही है। अतः यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था आदि द्वारा उपरोक्त लोकेशन लोकेटर गैन्ट्री की निविदा, यूनिपोल की निविदा एवं पोल कियोस्क की निविदा के विषय में रिट याचिका प्रस्तुत करेगा, यह प्रक्रिया अनुसार याचिका कि अग्रिम प्रति आवश्यक रूप से नगर पालिक निगम कटनी के अधिवक्ता श्रेयस दुबे एस-10, 11 स्नेह नगर मेन रोड जबलपुर म.प्र. मोबाइल 9407320282 एवं ई-मेल adv.shreyasd@gmail.com के कार्यालय में आवश्यक रूप से पावती प्राप्त करें।

दिनांक- 05.05.2022, आयुक्त- नगर पालिक निगम, कटनी

रत्ना गार्डन



मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740



श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स
हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमसिर्बल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)